१ और जगा भीतडा गारेका बणे जिसकी मापणेकी यह रीत है इस मुलुकमें जगाकी भीता कतरीका उंची हाथ और घना हाथ १ और लंबी कात्रा व हाथ ८ सू लगाय हाथ २० तकका भी भाव रुप्या १ एकका होता है और इस में बुरज तथा भीताकी दिवाल तथा चांदा होत है उसकी म णेकी रीत इसतरेहसे है.

दिवाल बाहरसे हाथ ३० भीतरसे हाथ २८ ऊंडी ० ४ तो अठाईस और तीसका भेला करने उसका आ॰ उसको चार गुणाकरणे जिस भाव होवे उसका दाम काटणा

और जो पना डेढ़ा होवे तो डेढा दाम देणा सवायी होवे तो सवाया दाम देणा और दुणा होवे तो दुणादेणा यह जमीन मापणा और इसतरहसे चांदहवी मापता है. इसतरेहसे उसकोबी दाम जुडते हैं.

और भुरज मापणे जावे एकदफे तो बारसेमापणा और एक दफे भीतरसे मापणा उणाका आधा करणा जै हाथ होवें सो दोनोंका आधा धरणा और इस सिवाय ऊंची बहोत होवे तो उंचाईमें तीन जाँयगे मापणीमां थारे और गरभमें और गोडमें इण तीनोंना भेलीकर और पीछे तीनको भाग देने और जमीन तथा आगे दोका भागकी जमीन होवे उणाना भेलीकर और दोनोंका आधाकर जितनी जमीन ऊंची होवे उसका तो तीनका भागसे कर लंबाईके बीचमें मिलाकर जिस भागकी निरष होवे उस भाव काट देणा; पानेके उपर लिषे मुजब.

और कुवाँ तथा तलाव षोदे उसकेबी नापकीमपती इसीतरेहसे होवे है के हाथ १० लंबी और १० हाथ चवडी और हाथ १ ऊंची उस पानेका भाव रु. २) से लगावने रु. ४) लकका होता है और अब षुदाई मापणा जब हाथोंसे मापणो चवडी और लंबीका गुणा देणा और उंडीकुबी उसमुजब गुणा देने जितना सो होवे उतनाका भाव सेठेका चुका देणा ५७॥=॥। कुवा एक लंबा १३ चवडा हाथ ९ उंडा हाथा ११

प्रत ४॥) सेकडा सो तेरे और नवकागुण ११७
हुवा और उसकुं ११ गुणदिया तो हाथ १२८७
हुवा प्रत ४॥) के हिसाब रु. ५७॥=॥)

१॥ और सठो वगैरे का नूंध तथा जमा षरच करणेकी विगत इणीतरे.

१॥ और सटा लेणाचावे देणा जिसकूं नूंधणा इसमुजबका मिती उपर देणी.

। वोज १ गणेशदास किसनाजीको लीनो प्रत ६१। ॥ लेषे हस्ते दलाल कुंदनमल सराफ चिट्ठी आई और लिषदी नी करनी.

१ जिसके षाते होवे उसके षाते करणी.

। और जमा षरच करणेकी रीत नकलम.

१४७० गणेशदास किसनाजीके जमा मिती काती सुदी १
बोज प्रत ६१ ॥ लेषा तुमारे लीना हस्ते दलाल कुंदनमल
१४७० जिणषाते होवे उणीके नामें मांडणा.

। और षातेमें पण सटाका मेल इसमुजब षातापानाके नकलको पानो रु. ९ का अंक सटा नग होवे सो करणा.

। षातो १ गणेशदास किसनाजीरे.

---

१४७० नकलपाना

आडतेके षाते पण इणतरे घालणा.

---

भाव काटणा.

१४७० नकलपाना.
नकलपान अडत षरच
आडत
दलाली
रु. सम

इस तरहसे सेठको.

इस मुजबपातो सटाकी.

विगत वही माह.

## कवित्त.

श्रीपत सुजान श्रीबेरीसालजी महाराज यादव कुल गादी जेसलमेर कीतो भारीहै। लक्ष्मीनाथ इष्ट जाके अटल भंडार भरे नारायणदास व्यास हुवा वोई अवतारीहै। ताके वंश हूके पांचसे प्रतापी जान व्यासोंका पडा जामें खुली गुलकारी है। मथुरादास आमोलप उनहूके वंशमें इस्ट महाबीर वाके चितमनसे धारीहै॥ १॥ व्यासोंमें सूरजके मंदिरकी पूजा होत किला गढ वंका जेसलमेरका तो जंगी है। कुवा बुलासरगंगा समान वाचेनकरे वसती वा जवरहे पुनवाः आनसके दुरंगीहै। गडीसरतलाव परपूरणभरारहे आत्माराम कहे वाकीरअव्यत खुशरंगीहै। व्यास आमोलप ईस्टरसे बली हुकसदाफ तरहे जाके महाबीर संगीहै॥ २॥ मथुरादास वैकुंठगये तादिनकी वातकहूं अकलके सागर जाकी बडी हुसियारी है। सबनकूं भलवान देके याखुसीरी जो सबैः आमोलपकूं कया भाई यातुतो आज्ञाकारी है। ग्रंथकूं चलाय दीजो छापामें छपाय जाय मोयेक भरोसा बडा तेरी अखत्यारी है। कहे गुनी आत्माराम उमर करतूत ओ मथुरादास भये जगमें यशपारी है॥ ३॥

विद्याज्ञानप्रकाश ऐसो दूजो ना ग्रंथ कोई जगतको हिसाब सारो याहीमें पेहचानिये । एकसूं लगाय करोडतकको हिसाब जान ग्रंथकूं विचार फेर अकलमें जानिये । याके परसते ज्ञान बुद्धि यश कीर्ति होत जो कोई पढेगा लाभ होवे बहुमानिये । आत्माराम कहै याते कोई मत दूररहो नीतिका हिसाब सब याहीमें जानिये ॥ ४ ॥

दोहा—व्यास हि मथुरादासजी, उमर कर गये नाम । मनुष्य नहीं वे देव थे, पोचे वैकुंठ धाम ॥ ज्ञान ध्यान परवीण थे, पुण्य रूप थी जाय ॥ भलो केहीयो कोकण ये, ऐसा ना कोई आज ॥ १ ॥

मथुरादास आज्ञा करी, आमोलषकूं आप । विद्याज्ञानप्रकाशकूं, जलदी डलावो छाप ॥ आमोलष अरजी करे, चाकरकी अरदास । हुकुम आपको शीशपै, हो वैकुंठो वास ॥ २ ॥

इति विद्याज्ञानप्रकाश सम्पूर्ण ।

---

व्यासमथुरादासकृत कविता तथा दुहो बणावे
जणेमें दध अषर इतर छाटण इणीकी विगत.

दोहा—वरण छंदको बंदसे, तीन वरण गनमान ।
मनत्रयसत जर आठहै, अदापिंगल करत बषान ॥ १ ॥
हजवंन घरषुव आग्यो, अक्षर अशुभकेदान ।
कबित आदणीगल कहे, भूल न कबहूं आन ॥ २ ॥
मनभावे चारी सुचारहे, कवित आदसुषदान ।
अषर अशुभ चारु कहे, भूल न कबहूं आन ॥ ३ ॥

दोघंनको विचार ॥ प्रगन लगन दोय मित्रहे, भगन यगन बिरतमान ॥ जगनरगन दोय शत्रुहैं, सगन तगन समजान ॥ ४ ॥

## अंगरेजी चलन पैसेका कोठा

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ४ फार्दिंगका | | १ पेन्स या | | ४ दोकडा |
| ४ पेन्सका | | १ ग्रोट | | १५ दोकडा |
| १२ पेन्सकी | | १ शिलिंग | | ॥ रुपया |
| ४ शिलिंग | ६ पैं० | १ डालर | | २।रुपया |
| ५ शिलिंग | | १ क्रोन् | | २॥ रुपया |
| ६ शिलिंग | ८ पैं० | १ नोजल | ३। रु. | ८ दोकडा |
| १९ शिलिंग | | १ आंजल | | ५ रुपया |
| १३ शिलिंग | ४ पैं० | १ मारक | ६॥ रु. | १५ दो० |
| २० शिलिंग | | १ पौण्ड | | १० रुपया |
| २१ शिलिंग | | १ गिनी | | १०॥ रुपया |
| २३ शिलिंग | | १ करोलस | | ११॥ रुपया |
| २७ शिलिंग | | १ मयडोर | | १३॥ रुपया |
| २५ शिलिंग | | १ जकोवश | | १२॥ रुपया |
| ३६ शिलिंग | | १ जेनिस | | १८ रुपया |
| २ शिलिंग | | १ फोलोरिंग | | १ रुपया |
| ६ पेन्स | | १ टष्टर | | । आना |

## अंगरेजी सोनारोंकी तौल

| | | | |
|---|---|---|---|
| २ ग्रेन | १ पेनिवेट | २० पेनिवेट | १ अंश |
| १२ अंश | १ पाण्ड | अर्थात् पन | |

## अंगरेजी बेपारकी वस्तुकी तौल।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| १६ | ड्राम | १ औंश | १६ औंश | १ पौण्ड |
| २८ | पौण्ड | १ क्वारटर | ४ क्वारटर | १ हण्डरवेट |
| | | २० हण्डरवेट | | १ टन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| १४ पौण्ड | १ स्टोन | २ स्टोन | १ टाट |
| ६। टाट | १ वे | २ वे | १ साक |
| १२ साक | १ लाष्ट | | |

## डाक्टरोंकी तौल ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| २० ग्रेन | १ स्कुपल | ३ स्कुपल | १ ड्राम |
| ८ ड्राम | १ औंश | १२ औंश | १ पौण्ड |

## काठ जमीन आदि मापना ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ३ वारलेकरन | १ इंच | १२ इंच | १ फ़ुट |
| ३ फ़ुट | १ गज | ६ फ़ुट | १ फादम |
| ५॥ गज | १ पोल | ४० पोल | १ फर्लांग |
| ८ फर्लांग | १ मैल | ३ मैल | १ लीक |
| ६९$\frac{1}{2}$ मैल | १ डिगरी | | |

## चौकोर जमीन मापना ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| १४४ वर्ग इंच | १ फ़ुट | ९ वर्ग फ़ुट | १ व० गज |
| ३०। वर्गगज | १ व० पोल | ४० वर्ग पोल | १रुड |
| ३ वर्ग रुड | १ एकर | | |

## क्यूमेजर अर्थात् घन ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| १७२८ घनइंच | १ घनफ़ुट | २७ घनफ़ुट | १ घनगज |
| ४ घनगज | १ लोड | ४२ घनगज | १ टन |
| ५० घनगज | १ टन या लोड काठ वजनमें | | |

## कपडेकी अंगरेजी माप ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| २। इंच | १ नेल | ४ नेल | १ क्वाटर |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ४ क्वाटर | १ गज | ५ क्वाटर | १ इंग्लिशएल |
| ६ क्वाटर | १ फेरेंचएल | ३ क्वाटर | १ फेलेमिशएल |

## सेराबकी माप

| | | | |
|---|---|---|---|
| ४ जिल | १ पैण्ट | २ पैण्ट | १ क्वार्ट |
| ४ क्वार्ट | १ ग्यालन | १० ग्यालन | १ अन्कर |
| १८ ग्यालन् | १ रन्लेट | २४ ग्यालन | १ टीआर्स |
| २ टीआर्स | १ पंचीअन | ६३ ग्यालन | १ हगसेड |
| २ हगसेड | १ पाइप | २ पाइप | १ टन |

## वीरसराबकी माप

| | | | |
|---|---|---|---|
| २ पैण्ट | १ क्वार्ट | ४ क्वार्ट | १ ग्यालन |
| ९ ग्यालन | १ फारकिन | १८ ग्यालन | १ किलडरकिन |
| ३६ ग्यालन | १ वारल | ५४ ग्यालन | १ हगसेड |
| २ हगसेड | १ वट | २ वट | १ टन |

## अन्नकी अंगरेजी माप

| | | | |
|---|---|---|---|
| २ क्वाट | १ पटल | २ पटल | १ ग्यालन |
| २ ग्यालन | १ पेक | ४ पेक | १ बुशल |
| २ बुशल | १ स्टाईक | ४ बुशल | १ कम |
| ८ बुशल | १ क्वाटर | ५ क्वाटर | १ लोड |
| २ लोड | १ लाष्ठ | | |

## विलायती कोयलाकी माप

| | | | |
|---|---|---|---|
| ४ पेक | १ बुशल | ३ बुशल | १ साक |
| ३६ बुशल | १ चालड्रन् | | |

## गिनतीका कोठा

| | | | |
|---|---|---|---|
| १२ को | १ डजन | १२ डजन | १ ग्रोस |
| २० को | १ स्कोर | १२० को | १ लांगहाण्डरेड |
| २४ ताव कागज | १ दिस्ता | २० दिस्ता | १ रीम |
| १० रीम | १ वेल्स | | |

## अंगरेजी कालज्ञान

| | | | |
|---|---|---|---|
| ६० सेकन्ड | १ मिनीट | ६० मिनीट | १ घण्टा |
| २४ घण्टा | १ दिन | ७ दिन | १ हफ्ता |

## अंगरेजी मासका प्रमाण

| | |
|---|---|
| ३१ दिन जानेवारी | ३१ दिन जुलाई |
| २८ दिन फेब्रुवारी | ३१ दिन आगस्ट |
| ३१ दिन मार्च | ३० दिन सपटंबर |
| ३० दिन अप्रेल | ३१ दिनआक्टोबर |
| ३१ दिन मै | ३० दिन नवेम्बर |
| ३० दिन जून | ३१ दिन दिसेम्बर |

४ बरस अंतर २९ दिनका फेब्रुवारी होता है।

## मुंबई चलन पैसा

३ अध्धियां अंगरेजी पाईका । पाव आना. ४ पाव आनेका १ आना १६ आनेका १ रुपया १६ रुपयाकी १ मोहर. ।

## मरेहठी तौल

८ रत्तीका १ मासा । १२ मासाका १ तोला । २८ तोलाका दोडी अरी सेर । ४० सेरका १ मण । २० मनकी खांडी ।

## मुंबईमें सोने रूपेकी तौल

| | | | |
|---|---|---|---|
| २$\frac{3}{5}$ रत्तिया | १ वाल. | ४$\frac{16}{4}$ ग्रेन | ८ रत्ती अथवा |

२३ वाल १ मासा. १४ $\frac{11}{12}$ ग्रेन १२ मासा तथा
४० वाल १ तोला. १७९ तोलेका १ ग्रेन.

## बेपारी लोगोंकी तौल

१ टांक २०४८८ ड्राम ७२ टांकका १ सेर
११ अंश २२ ड्राम ४० सेरका १ मन
औं २८ पौंड २० मन १ खांडी
५६० पौंड.

## मुंबईमें हीरा मोतीकी तौल

१०० दांकडेका १ आना १६ आनेका १ चव
१४ चव १ रत्ती २४ रत्ती १ टंक

## चौरस जमीनकी माप

४ आंगुलकी १ मुठी २५ मुठीकी १ काठी
२० काठी १ विसा २० विसा १ बीघा

## चीनदेशकी तौल चलन

२ टांकका १ तोला १ रत्ती= ४ पन याने= ४ चोजा

## चीनमें टुकडे चांदी सोनेके चलतेहैं

चीनमें टकशाल नथी इससें रुपये पैसे भी नहीं थे चलन डालरका है सो भी और देशका है.

१० कास की १ टुंदरी १० टुंदरी १ मास १० मास १ टेल १६ टेल १ कचाटी १०० कचाटी १ पीकल १ टेल=९ वाल ४ मुंबईके मनका १ पीकल १ तोलाके २०० कास.

## जमीनकी माप

२४ अंगुलका १ हाथ ४ हाथका १ दंड या बांस

२०००दंडकी १ गाइ २ गाइ १ गव्यूति या
२ कोस २गव्यूतिका १ योजन या ४ कोस.

## मुबईमें अन्नकी माप

२ नवटांक का १ पासेर २ पासेर १ टिपरी
२ टिपरी १ सेर २ सेर १ अधपाईली
२ अधपाईली १ पाईली १६ पाईली १ फरा.
८ फराका १ खांडी.

## कपडा या काठकी माप

२ अंगुलका १ तसू २४ तसू १ गज

## मुंबईमें निमककी माप

१०॥ अधोली का १ फरा १०० फरा १ आना
१३ आना १ पास २५ फरा १ मुंडो
१ फरा= १६७६१ १ आना= १६७६१
२॥टन= १ आना ४० टन= १ रास

## अगरेजी और हिन्दुवोंका कालज्ञान

६०विपल का १पल अंगरेजी २४ सेकन्ड.
६० पलकी १ घडी अगरेजी २४ मिनेट.
६० घडीके ८ प्रहर १ दिन रात अंगरेजी २४ घण्टा
३० दिन १ मास १२ मास १बरस.

## सरकारी चलन

१०० रेसका १ पावला ४ पावला १ रुपया.

## अगरेजी वक्त

६० सेकन्डका १ मिनेट ६० मिनेट १ अवर या घण्टा

२४ अवर १ दिन ३६५ दिन ६ घण्टा का १ जुलियन बरस ३६५ दिन ५ घण्टा ४८ मिनेट ४८ सेकन्डका १ सोलर बरस. ३० दिनका १ महीना. १२ महीना १ बरस ७ दिनका १ वीक या आठवडा. ४ आठवाडा १ महीना. ५२ आठवाडे और १ दिनका १ बरस. १३ मास. ६ दिनका १ लीनर बरस.

## हिन्दुओंके महीना

| संस्कृत | भाषा | संस्कृत | भाषा |
|---|---|---|---|
| १ कार्तिक | कातिक | ७ वैशाख | वैसाख |
| २ आग्रहाण | अगहन | ८ ज्येष्ठ | जेठ |
| ३ पौष | पूस | ९ आषाढ | आसाढ |
| ४ माघ | माह | १० श्रावण | सावन |
| ५ फाल्गुन | फागुन | ११ भाद्रपद | भादों |
| ६ चैत्र | चैत | १२ आश्विन | कुआर |

## हिंदुओंके छः ऋतु।

१ वसन्त—चैत वैशाख.
२ ग्रीष्म—ज्येष्ठ आषाढ.
३ वर्षा—श्रावण भादों.
४ शरद—कुआर कातिक.
५ हेमन्त—अगहन पूस.
६ शिशिर—माघ फागुन

## मुसल्मानी महीना

१ मोहर्रम
२ सफ्फर
३ रबिउल्अव्वल
४ रबिउस्सानी
५ जमादिउल्अव्वल
६ जमादिउल्सानी
७ रजब
८ साबान

९ रमजान
१० सव्वाल
११ जिल्काद
१२ जिल्हेज.

## अथ ज्योतिष विचार

यह जानो कि जब हरएक बालक जनमते हैं तो उनके नाम रखनेकी रीत यह है कि जन्म होनेकी वेला जिस नक्षत्रका जो चरण होय उस चरणका अक्षर नामके अक्षरोंमें प्रथम राखै. और एक नक्षत्रके चार चरण होते एक एक चरण १५ घडी रहताहै और सवा दो नक्षत्र अर्थात् ९ चरणकी १ राशि होती है. राशि १२ हैं.

१ मेष २ वृषभ ३ मिथुन ४ कर्क ५ सिंह ६ कन्या ७ तुला ८ वृश्चिक ९ धन १० मकर ११ कुम्भ १२ मीन.

## २७ नक्षत्रोंके नाम

| | | |
|---|---|---|
| १ अश्विनी | १० मघा | १९ मूल |
| २ भरणी | ११ पूर्वा | २० पूर्वाषाढा |
| ३ कृत्तिका | १२ उत्तरा | २१ उत्तराषाढा |
| ४ रोहिणी | १३ हस्त | २२ श्रवण |
| ५ मृगशिरा | १४ चित्रा | २३ धनिष्ठा |
| ६ आर्द्रा | १५ स्वाती | २४ शततारका |
| ७ पुनर्वसु | १६ विशाखा | २५ पूर्वाभाद्रपद |
| ८ पुष्य | १७ अनुराधा | २६ उत्तराभाद्रपद |
| ९ आश्लेषा | १८ ज्येष्ठा | २७ रेवती. |

## अथ योगोंके नाम

१ विष्कम्भ २ प्रीति ३ आयुष्यमान ४ सौभाग्य ५ शोभन ६ अतिगण्ड ७ सुकर्मा ८ धृति ९ शूल १० गण्ड ११ वृद्धि १२ ध्रुव १३ व्याघात १४ हर्षण १५ वज्र १६ सिद्धि १७ व्यतीपात

१८ वरीयान १९ परिघ २० शिव २१ सिद्धि २२ साध्य २३ शुभ २४ शुक्ल २५ ब्रह्म २६ एन्द्र २७ वैधृति.

## अथ करण

१ बव २ बालव ३ कौलव तैतिल ५ गर
६ वणिज ७ विष्टि

## होढा चक्र अर्थात् नक्षत्रके चार चरणके चारों अक्षर।

| | | |
|---|---|---|
| १ चु चे चो ल<br>अश्विनी | १० म मी मु मे<br>मघा | १९ जे जो भ भि<br>मूल |
| २ लि लु ले लो<br>भरणी | ११ मो ट टि टू<br>पूर्वा | २० भू ध फ ढ<br>पूर्वाषाढा |
| ३ अ ई उ ए<br>कृत्तिका | १२ टे टो प पि<br>उत्तरा | २१ भे भो ज जि<br>उत्तराषाढा |
| ४ ओ व वि वु<br>रोहिणी | १३ पु पा ण ठ<br>हस्त | २२ खि खु खे खो<br>श्रवण |
| ५ वे वो क कि<br>मृगशिरा | १४ पे पो र रि<br>चित्रा | २३ ग गि गु गे<br>धनिष्ठा |
| ६ कु घ ङ छ<br>आर्द्रा | १५ रू रे रो त<br>स्वाती | २४ गो स सि सु<br>शततारका |
| ७ के को ह हि<br>पुनर्वसु | १६ ति तु ते तो<br>विशाखा | २५ से सो द दि<br>पूर्वाभाद्रपद |
| ८ हु हे हो डा<br>पुष्य | १७ न नि नु ने<br>अनुराधा | २६ दु था झ ञ<br>उत्तराभाद्रपद |
| ९ डि डू डे डो<br>आश्लेषा | १८ नो य यि यु<br>ज्येष्ठा | २७ दे दो च चि<br>रेवती |

## नक्षत्र नाडी भेद

| आदिनाडी | मध्यनाडी | अन्तनाडी |
|---|---|---|
| अश्विनी | भरणी | कृत्तिका |
| आर्द्रा | मृगशिरा | रोहणी |
| पुनर्वसु | पुष्य | आश्लेषा |
| उत्तरा | पूर्वा | मघा |
| हस्त | चित्रा | स्वाती |
| ज्येष्ठा | अनुराधा | विशाखा |
| मूल | पूर्वाषाढ | उत्तराषाढ |
| शततारका | धनिष्ठा | श्रवण |
| पूर्व्वाभाद्रपदा | उत्तराभाद्रपदा | रेवती |

जो वर कन्याके जन्म नक्षत्र एक नाडीमें पडें तो नाडी वेध लगता है. अर्थात् विवाह नहीं होसकता है.

## अथ वर्ग विचार

जन्म नामके प्रथम अक्षरके अनुसार वर्ग होता है जैसे-

| अवर्ग | कवग | चवर्ग | तवर्ग |
|---|---|---|---|
| गरुड | बिडाल | सिंह | सर्प |
| टवर्ग | पवग | यवग | सवर्ग |
| श्वान | मूस | मृग | मेष |

जिस वर्गका जिसके साथ जैसा भाव हो सोई जानो.

## अथ वर्ण विचार

| विप्रवर्ण | क्षत्रियवर्ण | वैश्यवर्ण | शूद्रवर्ण |
|---|---|---|---|
| कर्क | मेष | कन्या | तुला |
| वृश्चिक | सिंह | वृष | कुम्भ |
| मीन | धनु | मकर | मिथुन |

वरके वर्णसे अधिक वर्णकी कन्या अयोग्य है।

# अथ नक्षत्र योनि।

| | गज | छाग |
|---|---|---|
| अश्विनी शतभिषा | रेवती भरणी | पुष्य कृत्तिका |
| नाग | श्वान | मूष |
| रोहिणी मृगशिरा | आर्द्रा मूल | पूर्व्वफा० मघा |
| मार्जार | गऊ | महिष |
| पुनर्वसु आश्लेषा | उत्तरा तीनों | स्वाती हस्त |
| मृग | व्याघ्र | वानर |
| ज्येष्ठा अनुराधा | चित्रा विशाखा | श्रवण पूर्वाषाढा |
| सिंह | अभिजित् नकुल योनि है। | |
| पूर्वफा० धनिष्ठा | | |

इन सबका भी वैर प्रीति लोकरीतिसे जानोगे।

## अथ नक्षत्र क्रमसे गण कहते हैं।

### मनुष्य गण

३ उत्तरा ३ पूर्वा आर्द्रा रोहिणी भरणी.

### राक्षस गण

कृत्तिका मघा आश्लेषा विशाखा शतभिषा चित्रा ज्येष्ठा धनिष्ठा मूल

### देवता गण

अश्विनी मृगशिरा रेवती हस्त पुष्य अनुराधा श्रवण स्वाती पुनर्वसु।

अपने अपने गणमें प्रीति होती है और मध्यम देव मनुष्यकी प्रीति है तथा कलह देव राक्षसमें और राक्षस तो मनुष्यको खाताही है।

## इति ज्योतिष विचार।

# शिक्षाकी रीत.

१ सूर्य उदयके समय देवता गुरुका स्मरण करना सबेरे उठ नहाय धोय लेना.

२ पहले पूजा देवताकी करना

३ पीछे मा बापको नमस्कार करो

४ माता पिताकी आज्ञा बिना कहीं जाना नहीं.

५ बैठनेको कहैं तो बैठो और उठनेको कहैं तो उठो.

६ शिक्षा मानके गुरुके यहां पढने जाना.

७ पाटी खडी भूलना नहीं, नंगे पांव चलना नहीं

८ कपडा अच्छी तरह हरना

९ रस्तेमें अकेले जाना नहीं रस्तेमें कुछ खाना नहीं.

१० राह चलते दौडना नहीं, बेजाना फल खाना नहीं. मुँहसे भोंडी बात बोलना नहीं.

११ तमाशा देखनेको खडे रहना नहीं.

१२ झूँठ कुछ बोलना नहीं. किसी का कुछ चुराना. नहीं.

१३ झूंठी साक्षी देना नहीं. किसी की जामिन होना नहीं.

१४ कोई बुलावै तो आदरसे बोलना.

१५ आवो, बैठोजी, कुछ जलपान करोजी.

१६ आतेहैं जी. लावते हैं जी. कहां पधारोगे जी ?

१७ किसीको कहीं मारना नहीं बहुत चढके बोलना नहीं.

१८ पराई लडाई सिरपर लेके लडना नहीं.

१९ अनजानकी चीज कुछ खाना नहीं.

२० अनजानी बात कहना नहीं; बहुत किसीको हराना नहीं

२१ रुपये विना बाहर निकलना नहीं.

२२ बेजानी राह जाना नहीं.

२३ बेपारमें किसीकी बराबरी करना नहीं.

२४अपनी गांठका भरोसा करना

२५ लेना देना देखके करना.

२६ लहनेका तगादा करना.
२७ राठमें जोखम थोडी रखना,
२८ खरच बिचारकै करना.
२९ गुमास्ता जानकर रखना.
३० गुमास्तेपर बही खाता छोड़ना नहीं.
३१ गुमास्ता नादान होतो खाता अपने हाथ रखना बही खाता रोज मिलाये विना सोना नहीं.
३२ खातेको वढने देना नहीं. रुपयेकी थैली उलटकर रुपया लेना नहीं.
३ चेसे लेन देन न करना.
४ जोखम बीमाकेबिना छोडना नहीं
३५ मुनाफा बिना माल वेचना नहीं
३६ सबके साथ भलाई करना. पानीकी लकीर करना तिनका तोड़ना नहीं.
३७ जीव जंतुको दबाना नहीं.
३८ एकवारगीलहनालगानानहीं
३९ वजारजाकेसबकाभावपूछना.
४० भले आदमीके आगे ऊंची नीची बात बोलना नहीं.
४१ परस्त्री माँ बहन कर जानना
४२ माता पिताकी सेवा करनी
४३ बिना बुलाये बोलना नहीं
४४ जितना पूंछे उतना उत्तर देना.
४५ जीव पर दया करना. धर्म्मका काम तुरत करना.
४६ जीव बचे तो झूँठ बोलना
४७ किसीके घर बे बोलाये जाना नहीं.
४८ सुपारी थोडी खानी और पान बहुत खाना.
४९ किसीसे अवगुण करना नहीं
५० रातको बहुत जागना नहीं
५१ गहरे पानीमें पैठना नहीं.
५२ क्रोध किसीपर बहुत करना नहीं.
५३ क्लेश बहुत बढाना नहीं.
५४ राह चलते आगे पीछेकी खबर रखना.
५५ कमरपर हाथ रखके चलना नहीं.
५६ दो हाथसेमाथा हिलानानहीं
५७ कान बहुत खोदना नहीं.
५८ बात वातमें कसम खानी नहीं.
५९ किसीको गाली देनी नहीं.

६० कोई चार गाली देय तो सहिलेना.
६१ रास्ते चलते भलेसे तगादा करना नहीं.
६२ बहुत चञ्चल होना नहीं.
६३ अपने कुटुम्बकी खबर लेते रहना.
६४ नंगे शिर बहुत रहना नहीं.
६५ लडकेका बहुत विश्वास करना नहीं.
६६ वैर किसीसे करना नहीं.
६७ हुनर सब सीखना भला.
६८ स्त्रीके साथ बहुत गुजबात करना नहीं.
६९ स्त्रीका विश्वासरखना नहीं.
७० स्त्रीका कहा सब सच मानना नहीं.
७१ परोसीसे वैर करना नहीं
७२ भांजा और दामादके साथ लडाई न करना चाहिये.
७३ धन हो तो इनको मानते रहना.
७४ अपना धर्म छोडना नहीं.
७५ धनका अभिमान करना नहीं
७६ देहकाअभिमान करना नहीं
७७ वस्तुबहुत जाकड रखनानहीं
७८ खुले हुए अन्नको खानानहीं
७९ बासी अन्न खाना नहीं.
८० नई फसिलका अन्न रखना
८१ बे छाना पानी पीना नहीं.
८२ सूर्यकी पूजा करना.
८३ ताला भारी रखना.
८४ सोनेका घर दिया वार देख लेना.
८५ अनजानकाविश्वासनकरना
८६ भरोसा भगवान्का रखना.
८७ अपने मतसे विचलना नहीं.
८८ अच्छे बुद्धिमान्से पूँछके काम करना.
८९ श्रीभगवान्का नाम मुखसे लेना.
९० परउपकार करना.
९१ भूखे प्यासेकी खबर लेनी.
९२ अन्न चोरी करना नहीं.
९३ ससुरको गाली देना नहीं.
९४ आँख देखना सो सचमानना.
९५ किसीके रंगमें भंगकरना नहीं
९६ किसीसे झूंठा वाद करनानहीं
९७ कपडे सफेद पहरना.
९८ कोई किसीसे बात करता हो तो बीचमें बोलना नहीं.
९९ बडेआदमीसे बातकरनानहीं.
१०० देखा अनदेखा करजाना.
१०१ बजारमेंकिसीसेलडनानहीं

नीचे अंक जो एकसे लेकर बीसतक लिखे हैं सो सब आदमियोंको मालूम नहीं हैं फकत व्यापारी लोग अपने व्यापारमें बोल चाल करते हैं. और अनजान लोगोंके समझमें नहीं आते इससे वे गुप्त अंक यहां नीचे लिखे बमूजिब जानना.

| | | | |
|---|---|---|---|
| सांग | ...१ | फोंकलाय | ...१४ |
| स्वान | ...२ | बुधलाय | ...१५ |
| एकवाई | ...३ | डहंकलाय | ...१६ |
| फोंक | ...४ | पैंतलाय | ...१७ |
| बुध | ...५ | मंगलाय | ...१८ |
| डहंक | ...६ | कोनलाय | ...१९ |
| पैंत | ...७ | सुत | ...२० |
| मंग | ...८ | सुत पचोतर | ...२५ |
| कोन | ...९ | | |
| सलाय | ...१० | | |
| एकलाय | ...११ | | |
| जोलाय | ...१२ | | |
| रेकलाय | ...१३ | | |

पैसे को छव्वी आने को रत्ती चार आने को मासा कहते आठ आने को टाली रुपयेको बजना और चिट्ठा भी कहते हैं.

सांग दहाई १० स्वान दहाई २० एकवाई दहाई ३० फोंक दहाई ४० बुध दहाई ५० हडंक दहाई ६० पैंत दहाई ७० मंग दहाई ८० कोन दहाई ९० सलाय दहाई १०० टाट १००० लकडी १००००० बोलने को उकडो कहते हैं ।

---

# बोधवचन ।

बडे सबेरे उठके ईश्वरका सुमरन करना. बडे सबेरे उठके पढे तो विद्या जल्दी आवे. विद्यामें चित्त लगाये विना विद्या आती नहीं. पढ़ते पढ़ते खेलवाडमें चित्त देना नहीं. विद्याविना सयानपन कहे चातुरी नहीं. सयानपन विना लोगोंके बीच प्रतिष्ठा भी नहीं होती है. लोकमें जिसकी प्रतिष्ठा नहीं उसका जीवन वृथाहै. विद्यावान्की गर्ज सबको आन पडती है; इसवास्ते जो लडकोंको पढ़ानेका अभ्यास रखता है उसके ऊपर सब लोग हित करते हैं. यह लडका कैसा है यह देखके सब लोगोंको अचरज होता है. घरमें सबकी और माँ बापकी आज्ञासे चलना. सोलह वर्ष तक लडके लोगोंको अपनी बुद्धिसे चलना नहीं पाठशालामें जाना तो गुरुकी आज्ञासे चलना. लडकपनमें जो विद्या आती सो बडेपनमें आती नहीं; इसवास्ते लडकपन खेलमें जाने देना नहीं. भला बुरा जो गुण बालपनमें लगजाता सो सारी उमर छूटता नहीं. नरम पेड जैसे नवावो वैसे नवे कठोर होनेसे झुकता नहीं; ऐसेही मनुष्यकी बुद्धि बडेपनमें जड होजातीहै. माँ बाप गुरु या अपना धनी जो कहै सो करना आनाकानी करना नहीं. अपने जब बालकथे तब माता पिताने जो रक्षा किया है इससे माँ बाप जो कहैं सो अपने भलेके वास्ते कहते हैं. माता पिता जो कहैं कि गुरुकी आज्ञासे चलो तो वैसाही चलना इसमें अपना कल्याण है. माँ बाप जो कहैं कि ओछे छिछोरे की संगत न करो तो उस बातको मान लेना इसमें अपना भलाहै. माँ बाप कहैं सोही करना उसमें अपना भला है. विद्या पढानेवाला, अन्न देनेवाला, भयसे बचानेवाला ये पिताके समान हैं ये जो कहें सो सुनना. पढ़ने जानेका वक्त चूकना नहीं. नित्य जाते

रहना. पाठशालामें जाके बैठनेकी जगहमें लड़कोंके साथ ठट्ठेमें समय बिताना नहीं क्योंकि जो बेला एकबार बीत गई सो फेर आती नहीं. पाठशालामें लड़कोंके साथ खेलवाड करके बेला व्यर्थ जाने देना नहीं. सब लड़कोंसे अपना पाठ हम जल्दी सीखें ऐसा मन-में रखना. गुरु जो पाठ पढ़ावे उसकी तरफ चित्त रखना; न समझमें आवे तो पूछके समझ लेना. आज हम नया कितना सीखे इस बात का विचार करते रहना. जो लड़का पाठशाला जायके ज्यादा सीखता नहीं तो उसके बराबरके लड़के उसको पीछू डालके उसे हँसते ऐसी विडम्बना दूसरी नहीं. विद्या पढ़नेके लक्षण शास्त्रमें कहा है. जो पाठ लिखते हो सो अपने जोडीदारोंके आगे पढ़ देखाना; अर्थ कर कुछ पढ़ना हो तो आप अर्थ कर देख-लेना और दूसरेसे भी अर्थ कराय लेना. आठ पहर पाठमें लय लगानी, इसीका नाम अभ्यास; बाकी मेहनत वृथाहै. हम एकदम पढ़ना सीखें ऐसी जल्दी न करना. थोड़ा थोडा पढोगे तो भूलोगे नहीं. पाठशाला जाते राहमें खेलवाड़ी लड़का बुलावे और अपना भी मन हो पर जाना नहीं. कोई काम आरम्भकर जो पूरा न करे तो वह कीहुई मेहनत वृथा जाय और लोग हँसैंगे. जिसको चार चतुर कहते हों उसकी संगत करना. जिसको हर तरहका व्यसन है उसके पास खड़े होना नहीं. क्योंकि वह अपने को बिगाड़ेगा. किसीकी निन्दा करना नहीं इसमें अपनी निन्दाहै. किसीकी चाई चुगुली करना नहीं लोग चुगुल कहेंगे और विश्वास उठ जायगा. सबसे नम्रता रखना, अभिमान किसीसे करना नहीं दूसरेका अच्छा कपड़ा गहना देख अपने माँ बापसे हठ कर माँगना नहीं क्योंकि जो वे दे न सकें तो कहां से लावेंगे? जो परमेश्वरनेदिया उसीमें संतोष रखना; सन्तोष विना किसीको कुछ सुख होता नहीं वैरियोंके बीचमें बैठना नहीं. कोई नादानी या खिलाफतकी बात

करै वहां ठहरना नहीं. जहां जुआ होता हो वहां खड़े होना नहीं जुआरी और रण्डीबाजका संग करना नहीं, उनके संगसे चोरीकी लत पड़जाती है और उससे जानपर भी खतरा है और अपनी सात पीढ़ी पर बट्टा लगता है. जुएके पैसेसे कोई आजतक सुखी न हुआ. जुएके सबब कितने मारे मारे फिरे कितनोंका पता न लगा कितनोंकी जान गई. हँसते हँसते बात न करनी. लजाते लजाते बात न करनी. निडर बोलना चाहिये. अभिमानसे बड़ा बोल बोलना नहीं. जैसी जिसकी योग्यता हो उस प्रमाण उसके साथ बोलना. अपने बड़ेसे अधीन और नम्रतासे बोलना. अपने बराबरीवालोंसे हिलमिलके बोलना. अपनेसे नीचहो तो काम मुवाफिक बोलना. अपना लाभ देख उससे कम खर्च करना लाभसे अधिक खर्च करै तो बजारका देना होता है जो देना कर खर्च करते वे अन्तमें पछताते हैं. जिसका देना हो उसको वादापर देना और वादाखिलाफ हो तो वह राहमें आंख दिखावेगा इससे दूसरी और शरम नहीं. अच्छे कामोंसे पैसे पैदा करना और अच्छे काम विना वह पैसा खर्च करना नहीं. धन सफल वही जो पर उपकारमें लगे. बुरे कामसे द्रव्य इकट्ठा करना नहीं. क्योंकि उस बुरे कामका पाप आप अकेलेको लगेगा और पैसा खायँगे. हम तुम्हारा काम करैंगे ऐसा भरोसा देना नहीं और जो देना तो काम करनेसे चूकना नहीं. विश्वास देकर घात करना इसके समान दूसरा पाप नहीं. कहै कुछ और करै कुछ वह जो-सच भी बोले तो लोग विश्वास न करेंगे. और जो उसपर झूँठी तोह-मत लगे तो लोग सच कर मानैं जो आदमी सत्यवादी हो वह सब लोगोंमें मान आदर पावे. सत्यके ऊपर सब व्यवहार चलते हैं इससे सत्य छोड़ना नहीं. एक बारभी झूँठ बोलते जो पकड़ा जाय तो उसकी प्रतिष्ठा जन्म भरको गई; इसवास्ते झूँठ बो-

लनेकी टेंव लगाना नहीं. मित्रकी परीक्षा सङ्कटकी बेला होती है. पहले विचारे बिना कोई काम एकाएकी करना नहीं. जो क्रोधके वश भया सो अंधेके समान है. भली शिक्षा न सुने वह बहरे के बराबर है, अपने योग उचित अनुचित काम है कि. नहीं, यह जो न जाने सोई पशुहै, समयके अनुसार जो बोलना न जाने सोई गूंगा है. शूरवीर वही है जो वैरियोंके मोहजालके फंदेमें न फँसै और धीरवीर वही है जो सङ्कट आनपडे निडर होरहै. सयाना उसको कहिये जो अपना काम अच्छीतरह करै और दूसरेको कुछ दुःख न होय, शत्रु उसको कहना जिसका कुछ काम नहीं है या निर् उद्योगी हो.सावधान वे हैं जो धन यौवन और आयु का भरोसा नहीं करते हैं. धनवान् वही है जो सदा सन्तोष से रहै. और दारिद्री वही है जिसकी आशा न पूरी होय लोभ बढ़ताही जाय. और सुखी वह है कि जिसका चित्त चञ्चल नहीं है. बडा संसारमें वह है जिसके हाथसे हमेशा पर उपकार होता रहता है. देखो परोपकार समान और दूसरा पुण्य नहीं है, चोर जगत्में सो है जो अपना विभव आपही भोग करै. कोई अपनी स्तुति करै उसपर भूलना नहीं,क्योंकि अपना काम निकारनेके वास्ते लोग झूँठ भी बोलते हैं. कहीं कोई अपनी निन्दा करै तो उससे लडनान हीं क्योंकि पीठ पीछे सब सबकी निन्दा करतेही हैं. मित्रके साथ किसी बात का परदा रखना नहीं मित्रतामें फरक पडता और अपना हरतरह का नुकसान है, भाई बन्धु इष्ट मित्रको बेउकुर न करना, प्रतिष्ठा अपनी चली जायगी,मुद्दई कैसाभी हो उससे हमेशा डरते रहना. समर्थके साथ वैर न करना वैर कर पार न आवोगे,अपनेसे अनहोनी बात पर कमर न बांधना वहपूरी न पडेगी, गरीब बिचारे की हँसी नकरनी क्योंकि क्या जानै वह वक्त अपने परभी न आन पडे बडोंकी मर्यादा रखना इसमें अपना भला है. अपने बडे को जो

मानैगा तो उसकी भी बडाई लडकोंसे रहैगी किसीके साथ हो हित कर मीठी और सत्य बात बोलो, अपना गुण और बडाई तबतकहै जबलौं दूसरेसे मांगना न पडै, मांगने बराबर दूसरा दुःख नहीं है और याचकके समान कोई वस्तु हलकी नहीं है. शरम वहां खोलना जहांसे काम निकले और फेर परदा पडजाय. अपने पास धन हो तो प्रीति करने सब आवेंगे पर तुम भी भला बुरा आंखसे देखो खरी बात कहना बहुत कठिन है. सबेरे घडेमें पानी ठंढा होता पर टूटे को माटीमें मिला देता है शरण आवे तो उसे रखना और बल बुद्धिके अनुसार रक्षा करनी. मरे मनुष्य की निन्दा करनी नहीं. अपने जीकी बात हरएकसे विश्वास कर कहनी नहीं. द्रव्य संग्रह करना दुःखकी वेर काम आवेगा. आगे धन मिलेगा इसपर भरोसा रखना नहीं, जो करना हो आज करो कल पर उसे छोडना नहीं क्योंकि जीना वेतादाद है. दमडी दमडी जोड रुपया होय है इससे दमडी का अनादर न करना. व्यसन में पैसा खर्चना नहीं वह वृथा है. विद्या और गुणसे जो मनुष्यकी शोभा है सो टाम टीमसे होती नहीं. और धन चोरी जाय सकता पर विद्याका चोर से भी डर नहीं है. विद्या सफल तब हो जब दूसरेको पढावे क्योंकि धन मरेबाद दूसरेके काम आता और विद्या पीछे रहती नहीं धन खर्च करनेसे घटता और विद्या ज्यों ज्यों दूसरेको देय त्यों त्यों बढ़ती जाती है. कपडे गहने शरीरकी शोभा हैं पर हलके काम हैं स्त्री की चर्चा हो या नाच रंग गान हो वहां विद्यार्थीको जाना न चाहिये. नाहक बेकाम इधर उधर फिरना नहीं. मनुष्यको खाली बैठ रहना ठीक नहीं पर नींदमें और खेलमें भी दिन काटना नहीं. गाली देनेकी बानि डालनी नहीं; जबान खराब होजातीहै. वृथा वैर किसीसे करना नहीं. किसीकी चढाया उतार कर न बोलना इसमें निन्दा है. किसीके मर्म की बात खोलना नहीं लोग ओछा-

कहैंगे. किसीके ढके दोषको उघारना नहीं बनै तो मुट्ठीभर धूल डालनी. किसीकी नकल करना नहीं. मेवा, मिठाई खानेकी बहुत टेंव डालनी नहीं. लुच्चोंके संग बैठना और उनसे व्यवहार रखना नहीं. हिसाब ठीक रखना. अपनी आमदनी और खर्च लिखा करना उधार लेनेकी बानि रखना नहीं. बहुत दिन खाता बढाना नहीं. व्यवहारकी रीतिमें शरम रखना नहीं. हम तुम्हारा काम करैंगे यह कहकर उसे पीछे लगाना नहीं. धर्मका काम तुरंत करना उसे घडी भर भी टालना नहीं. दूसरेकी बराबरी कर खर्च करना नहीं पेंडपर चढना नहीं ये बडी भूल है. जहां झगडा हो वहां खडे रहना नहीं. राज्यकी मसलहतमें चित्त डालना नहीं. किसी की हो खोटी बात उडावना नहीं. जो अच्छा काम किया हो तो जब याद पडे तब सुख हो. बुरा काम हमेशा दुःख देता है. अपना किया भलाकाम आप अपने मुँहसे कह सुनाना नहीं क्योंकि धर्म जाय और लोकनिन्दा हो. अपना गुण अपने मुख बखानना नहीं इससे मूरखपन ठहरता है. किसी गुणी आदमीको जो बुरा व्यसन हो तो आप देख उसको करना नहीं. खालीगुण लेना अवगुण देखना नहीं. युक्तिकी भलीबात छोटेसेभी लेलेना. विद्या नीचसे भी सीखलेना. हम जो करते सो ईश्वर देखताहै यह जानते रहना. हम धनवान् हैं यह गर्व होतो अपने से बडे धनीकी ओर देखना. मैं बडा दुःखियाहूं ऐसे मनमें संताप हो तो अपने से अधिक दुःखीको देख संतोष करना. हम धर्मात्मा हैं यह अहंकार होतो अपनेसे बडे अभिमानीको देखो छूट जायगा. दूसरे आदमीसे हम थोडा पाप किया यह मनमें लाना नहीं. आदमी जहां बात करते हों वहां बे बुलाये जाना नहीं. अपनी बात जो चित्त दे न सुनै तो उसे बरजोरी कर सुनाना नहीं. आप किसी काममें है और दूसरा कामको आवे तो उसकी हर्ज करनी नहीं. इस बेला उस बेला आवो ऐसे वादेसे

किसीको हैरान करना नहीं. लंबी जबानसे बोलना नहीं. बात करते बात बातमें युक्तिसे अपनी बात जनावनी भली नहीं. बातका वजन जाता रहता है. अपनी बडाईकी बात हितकर सुनना नहीं. विद्याका स्वार्थ यह कि अच्छी समझ हो और किसीके साथ वादविवाद करना नहीं. धनका स्वार्थ यह कि धर्म करना खाली अपनाही पेट भरना नहीं. बलसामर्थ्यका स्वार्थ यह कि दूसरेकी रक्षा करना और पीडा किसीको देनी नहीं. धर्म्मका स्वार्थ यह कि उसको जहां लों होय गुप्त रखना उघारना नहीं. आप बुद्धिमान् बनके आगेसे आगे बोलना नहीं. गुण दूसरोंके जरूर कहना और सुनना दोष कहने सुनने से नाहक अपनेको दोष लगता है. जिस बातमें बहुतोंका भला हो उसमें आलस करना नहीं. दूसरेको थोडा और हमको बहुत श्रमहै ऐसा चित्तमें लाना नहीं. चार आदमीके भले होनेमें जो पैसा खर्च हो उसको गया समझना नहीं. आहार नींद भय मैथुन और प्रीति आदि अपने कामोंमें पशु पक्षी भी लगे हैं पर मनुष्यको यही अधिक है कि धर्म्म चीन्हैं और पर उपकार करै. जो घरमें कजिया चुकि जाय तो सरकार दरबार जाना नहीं, बडे पहाडको भी जो नित खोदो तो एकदिन बराबर हो जाहीगा. रगरा ऐसी चीज है कि रस्सीसे पत्थर में भी निशानी पडजाती है. और बडी भी इमारत हो पर रोजके काम होनेसे एक दिन तैयार होहीगी. बडी पोथी नित्य पढो तो उसका पार भी एकदिन देखोगे. विद्या कैसी भी कठिन हो पर मनदे नित्य सीखे तो आवैहीगी. धनसे प्रतिष्ठा बडी है क्योंकि धन जायके फेर भी मिलता प्रतिष्ठा गई फिर आवती नहीं. सरवस जाय पर शरीरकी रक्षा करनी; क्योंकि शरीर रहने से फेर सब मिलेगा. शत्रुता जिससे एकबार होजाय फेर मित्रता कर उस पर विश्वास करना नहीं. हर एक काम करनेका ख्याल रखना प्रारब्धके ऊपर रहना नहीं. जो

आदमी प्रारब्ध पर काम छोड बैठता है,उसकी सहाय ईश्वर करता नहीं;क्योंकि श्रम विना प्रारब्ध लंगडा है. भूत प्रेत साधनकी विद्या सीखना नहीं. जो बात आप चूके हों और कोई कहे तो हठ छोड़ मान लेना.अपनी भूल और बुरी बातपर वादविवाद कर चौकसाई कराना नहीं.बोलते बोलते गर्म हो जाना नहीं. जो बातचीतमें क्रोध हो उठे तो गाली गुप्ता करना नहीं.कोई क्रोधकर गाली दे तो आप गरम हो बदलेमें गाली न देना उसकी बराबरी है.दूसरेकी पूरी बात सुनके उसको उत्तर देना,और बीचहीमें उकताके बोल उठना नहीं एक काम पूरा करके तब दूसरेमें हाथ डालना. सब काम इकट्ठा करै तो एक भी हो उठता नहीं. कोई कुछ बोले उसका सार अंश लेलेना. जो दूसरा कोई तिरस्कार या अनादर करै तो क्षमा करना इसमें अपनी बडाई है. जो किसीकी दुष्टता या अन्याय आप क्षमा करलें तो ईश्वर इसपर राजी हो उसको सजा देगा. अपनी इच्छा न हो पर तोभी जो किसीका भला करै इसका एहसान ईश्वर मानैगा और अपना भला करेगा. तू मनमें समझ कि सब तेरी करनी तेरे ऊपरहै.जैसा करोगे वही होगा.अमृत पिये अमर और विष खाये नाश है. मान अपमानसे अमृत विष होता है. विषहू अमृत समानते बखानो है, असमयमें कोई किसी का मीत होता नहीं,लोग सब मुँह देखी बात करते हैं, बनावते बहुत दिन लगते पर बिगाडते कुछ देर होती नहीं.प्रीति बहुत दिनोंमें होती उसको चट पट तोडना नहीं, तोडके जो जोडेगा तो गांठ उसमें पडेगी, हम कौन हैं, और क्या करते कहते हैं इस पर ख्याल रखना चाहिये,अपनी सामर्थ्य देख काम करना उचित है, संसार झूँठा स्वप्नेकी ऐसी संपत्ति देख कर ना भूलो. जगतमें जीना अचरज और मरना सचमुचहै, जो तुम बडाई लोकमें चाहो तो नमके चलो.निंदा किसीकी न करो छल अधर्मसे दूर रहो, ब्राह्म-

ण देवता हैं प्रणाम करनेसे पाप दूर होजाते हैं इससे ब्राह्मणको दे-खतेही प्रणाम करना. यथालाभ सन्तोषमें बडा सुख है यत्न कितनो करो होगा उतनाही जो विधाताने लिख दिया. जीव मारनेके बराबर और पाप नहीं है, पर इससेभी बढके जीविकाको मारनेमें है जगत्में एक धर्म छोड और कोई अपना नहीं है. संग मरे बाद धर्म्मही जाता और सब यहांही पडा रहता है.

## कहानी ।

एक दिन एक बादशाह पुत्र सहित शिकार खेलनेको गये. गर्मी-के तो दिनहीथे, इसपर तप्तवायु ( लू क)चलने लगी तब बादशाह घबडाकर अपना दुशाला उतार सेवकको दिया सो देख पुत्रनेभी वैसाही किया तब बादशाह हँसीसे बोले कि अय सेवक ! अब तो तेरे ऊपर एक गधेका बोझा होगया, सेवकने चट उत्तर दिया कि नहीं साहब दो गधेका ॥

**खुलासा यह कि दूसरे की हँसी करनेसे अपनी भी हँसाई होती है ।**

---

## बाघ लोखडी और शृगालकी वार्ता ।

एक सियारन गर्भिणी थी. उसने अपने पतिसे कहा कि स्वामी अबकी बार ऐसी जगह चलिये जहां आनंदपूर्वक बच्चा जनूं और कोई न आवे, सियारने शोचविचारकर कहा प्यारी और कहां ऐसी जगह मिलेगी ? चलो बाघके घरमें रहैं तब उसने उत्तर दिया कि ऐसी जगह तो मैं कदापि न जाऊँगी जानबूझकर कालके मुँहमें पडूँ ? सियारने कहा घबडावो मत मैं एक युक्ति करूंगा जिस काल बाघ आवे तब तुम अपने बच्चे रुलादेना मैं पूछूंगा कि बच्चे क्यों रोतेहैं तब तुम कहना ताजा बाघका मास मांगते हैं ऐसा मताकर नाहर के घरमें रह इतनेमें नाहर भी गर्जता हुआ अपने घरको चला

सो सियारे ने देखकर कहा प्यारी ! बच्चोंको रुलादो बाघ नजदीक आगया, जब बच्चे रोने लगे तब सियार बाघको सुनाकर सियारिनिसे पूछता है कि आज क्या है जो भोरही से बच्चे रोरहे हैं उसने उत्तर दिया कि स्वामी ! ताजा बाघका मांस मांगते हैं, सियारने कहा पलमात्र बिलमावो वह देखो बाघ चला आता है अभी मारकरमांस लाताहूं. नाहर यह बात सुनकर निपट डरा और जाना कि कोई मुझसे भी अधिक बली यहां आया निदान पिछले पांवों भगा. यह सब हाल एक लोखरी दूरसे देखती थी सो बाघको शपथ दिलाकर खड़ा किया और कहा कि बनराज! क्यों इतना भयातुर हो भगेजाते हो ? तुम्हारे मकान में तो सियारिन व्याईहै. मैं आगे२चलतीहूं और तुम मेरे पीछे२चलकर सब माजरा देखलो ऐसा कह दोनों चले सियार ने देखा कि लोखडी बाघको लौटारे लिये आतीहै. सियारिनसे कहा फिर बच्चोंको रुलादो, बच्चोंका रोना सुन सियार अपनी प्रिया से कहता है कि किंचित् धैर्य रखावो देखो लोखडी जो हमारी परम मित्र है सो बाघ को भगाजान फुसलाकर लिये आती है अभी मारकर ताजा रक्त पिलाऊंगा. सो सुन बाघ लोखडीको सियारका मित्र जान और भी भगा और एक चपेटासे लोखडीकी जानले अपना क्रोध शांत किया ॥

**खुलासा यह कि बुद्धिमान् बुद्धिबलसे सब कुछ कर सकते हैं और चुगुलखोर हमेशा फजीहत में पडते हैं.**

## काजीकी वार्ता।

एक काजी ने रातके समय पढ़ते पढ़ते एक किताब में यह देखा कि जिसका शिर छोटा हो और डाढी बड़ी वह अवश्य मूर्ख होता है, चुनांचे काजीकाभी शिर छोटा और डाढ़ी बड़ी थी. विचाराकि

शिरतो बड़ा नहीं हो सक्ता परन्तु डाढ़ी कतरनेसे छोटी हो जायगी ऐसा ध्यान में आतेही कतरनी ढूंढने लगे जब कतरनी न पाई तब दियाकी टेम में डाढ़ी लगाई; लगाते ही चोटीतक जल बल मुख काला हुआ तब तो बडा पश्चात्तापकर कहने लगे कि किताब में जो लिखा है सौ अत्यंत ही सत्य है ॥

**अभिप्राय यह कि जो बात लिखी देखो या किसीसे सुनो उसको बहुत विचार पूर्वक सावधानी से करो.**

---

## बिल्ली की वार्ता।

एक बिल्लीने कुम्हारके घर कच्चे घडेमें बच्चे दिये उसदिन कुम्हार ने आंवा लगाया और अनजानसे वह भी घडा जिसमें बिल्लीने बच्चे दियेथे आँवामें रख आग लगा अपने दूसरे काममें उद्यत हुआ जब बिल्ली आई और देखा कि मेरे बच्चे प्रबल प्रचंड आगमें गये ऐसा शोच परमेश्वरका ध्यान धर और परमेश्वरके नामसे अँवाके तीन परिक्रमा कर तीन रात तीन दिन तक पास बैठे राम राम जपकिया. जब अँवा पककर तय्यार हुआ तब कुम्हारने सब घडे निकाले तो एक घड़ेसे बिल्लीके बच्चेभी ( म्याऊं म्याऊं ) करते निकलकर भगे कुम्हार यह देख आश्चर्यमें हुआ ॥

**तात्पर्य यह कि परमेश्वरकी भक्ति होनेसे सब काम सुलभ हैं और किंचित् भी आश्चर्य्य नहीं है.**

---

| पगाररुपिया. | फलाने पगारसे १ दिनका क्या इसका कोठा. | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | २८ दिन०म० | | | ३० दिन०म० | | | ३१ दिन०म० | | |
| | रु० | आ० | पै० | रु० | आ० | पै० | रु० | आ० | पै० |
| १ | ...... | ...... | ७ | ...... | ...... | ६ | ...... | | ६ |
| २ | ...... | १ | २ | ...... | १ | १ | ...... | १ | |
| ३ | ...... | १ | ९ | ...... | १ | ७ | ...... | १ | ७ |
| ४ | ...... | २ | ३ | ...... | २ | २ | ...... | २ | १ |
| ५ | ...... | २ | १० | ...... | २ | ८ | ...... | २ | ७ |
| ६ | ...... | ३ | ५ | ...... | ३ | २ | | ३ | १ |
| ७ | ...... | ४ | ... | ...... | ३ | ९ | | ३ | ७ |
| ८ | ...... | ४ | ७ | ...... | ४ | ३ | | ४ | २ |
| ९ | ...... | ५ | २ | ...... | ४ | १० | | ४ | ८ |
| १० | ...... | ५ | ९ | ...... | ५ | ४ | | ५ | २ |
| ११ | ...... | ६ | ३ | ...... | ५ | १० | | ५ | ८ |
| १२ | ...... | ६ | १० | ...... | ६ | ५ | | ६ | २ |
| १३ | ...... | ७ | ५ | ...... | ६ | ११ | | ६ | ९ |
| १४ | ...... | ८ | ... | ...... | ७ | ६ | | ७ | ३ |
| १५ | ...... | ८ | ७ | ...... | ८ | ... | | ७ | ९ |
| १६ | ...... | ९ | २ | ...... | ८ | ६ | | ८ | ३ |
| १७ | ...... | ९ | ९ | ...... | ९ | १ | | ८ | ९ |
| १८ | ...... | १० | ३ | ...... | ९ | ७ | | ९ | ३ |
| १९ | ...... | १० | १० | ...... | १० | २ | | ९ | १० |
| २० | ...... | ११ | ५ | ...... | १० | ८ | | १० | ४ |
| २१ | ...... | १२ | ... | ...... | ११ | २ | | १० | १० |
| २२ | ...... | १२ | ७ | ...... | ११ | ९ | | ११ | ४ |
| २३ | ...... | १३ | २ | ...... | १२ | ३ | | ११ | १० |
| २४ | ...... | १३ | ९ | ...... | १२ | १० | | १२ | ५ |

| पगार रुपिया. | फलाने पगारसे १ दिनका क्या इसका कोठा. | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | २८ दिन०म० | | | ३० दिन०म० | | | ३१ दिन०म० | | |
| | रु० | आ० | पै० | रु० | आ० | पै० | रु० | आ० | पै० |
| २५ | | १४ | ३ | ...... | १३ | ४ | | १२ | ११ |
| २६ | | १४ | १० | ...... | १३ | १० | | १३ | ५ |
| २७ | | १५ | ५ | ...... | १४ | ५ | | १३ | ११ |
| २८ | १ | | ...... | ...... | १४ | ११ | | १४ | ५ |
| २९ | १ | | ७ | ...... | १५ | ६ | | १५ | |
| ३० | १ | १ | २ | १ | | | | १५ | ६ |
| ३१ | १ | १ | ९ | १ | | ६ | १ | | |
| ३२ | १ | २ | ३ | १ | १ | १ | १ | | ६ |
| ३३ | १ | २ | १० | १ | १ | ७ | १ | १ | |
| ३४ | १ | ३ | ५ | १ | २ | २ | १ | १ | ७ |
| ३५ | १ | ४ | .... | १ | २ | ८ | १ | २ | १ |
| ३६ | १ | ४ | ७ | १ | ३ | २ | १ | २ | ७ |
| ३७ | १ | ५ | २ | १ | ३ | ९ | १ | ३ | १ |
| ३८ | १ | ५ | ९ | १ | ४ | ३ | १ | ३ | ७ |
| ३९ | १ | ६ | ३ | १ | ४ | १० | १ | ४ | २ |
| ४० | १ | ६ | १० | १ | ५ | ४ | १ | ४ | ८ |
| ४१ | १ | ७ | ५ | १ | ५ | १० | १ | ५ | २ |
| ४२ | १ | ८ | .... | १ | ६ | ५ | १ | ५ | ८ |
| ४३ | १ | ८ | ७ | १ | ६ | ११ | १ | ६ | २ |
| ४४ | १ | ९ | २ | १ | ७ | ६ | १ | ६ | ९ |
| ४५ | १ | ९ | ९ | १ | ८ | ० | १ | ७ | ३ |
| ५० | १ | १२ | ७ | १ | १० | ८ | १ | ९ | १० |

पच्च्यासतक हिसाब करणेकी रीत.

ENGLISH NUMBER.

# अंग्रेजी गिनती.

¼ Quarter क्वार्टर पाव, चार आना.

½ Half हाफ़ आधा, आठ आना.

¾ Three Quarters तीन पाव. -III-

1 One वन् ... ... ... ... १

2 Two टू ... .. ... ... २

3 Three थ्री ... ... ... ... ३

4 Four फोर ... ... ... ४

5 Five फाइव्ह ... ... ... ५

6 Six सिक्स ... ... ... ६

7 Seven सेव्हन् ... ... ... ७

8 Eight एट... ... ... ... ८

9 Nine नाइन् ... .. ... ९

10 Ten टेन् .... ... ... ... १०

11 Eleven इलेव्हन् ... ... ११

12 Twelve ट्वल्व ... ... ... १२

13 Thirteen थर्टीन् ... ... १३

14 Fourteen फोर्टीन् ... .. १४

15 Fifteen फिफ़टीन् ... ... १५

16 Sixteen सिक्सटीन् ... ... १६

17 Seventeen सेवनूटीन् ... ... १७

18 Eighteen एटीन... ... ... १८

19 Nineteen नाइनटीन् ... ... १९

20 Twenty ट्वन्टी... ... ... २०

21 Twenty-one ट्वण्टी वन् ... २१

22 Twenty-two ट्वंण्टी टू... ... २२

23 Twenty-three ट्वंण्टी थ्री .... २३

24 Twenty-four ट्वंण्टी फोर ... २४

25 Twenty-five ट्वंण्टी फाइव्ह... २५

26 Twenty-six ट्वंण्टी सीक्स ... २६

27 Twenty-seven ट्वंण्टी सेवन... २७

28 Twenty-eight ट्वंण्टी एट ... २८

29 Twenty-nine ट्वंण्टी नाइन् ... २९

30 Thirty थर्टी ... ... ... ३०

40 Forty फॉर्टी .. ... ... ४०

50 Fifty फिफ़्टी .. ... ... ५०

60 Sixty सिक्सटी ... ... ... ६०

70 Seventy सेवनूटी ... ... ७०

80 Eighty एटी ... ... ... ८०

90 Ninety नाइनूटी... ... ... ९०

100 Hundred हण्डरेड ... ... १००

1000 Thousand थौजण्ड ...१०००

Ten-thousand टेनूथौजण्ड ...१००००

Lac लाक ... ... ... ...१०००००

Million मिलियन... ... १००००००

One-crore वन् क्रोर ... १०००००००

Ten-crores टेन क्रोरस... दशकरोड.

Hundred-crores हंड्रेड क्रोरस.सौ करोड.

NAME OF MONTHS महीनोंके नाम.

31 January जानेवारी.
28 February फेब्रुवारी.
31 March मार्च.
30 April एप्रिल.
31 May मे.
30 June जून.
31 July जुलाई.
31 August आगस्ट.
30 September सेप्टेम्बर.
31 October अक्टोवर.
30 November नोवेम्बर.
31 December डीसेम्बर.

WEEK DAYS हफतेके दिन.

Monday [ मण्डे ] सोम.
Tuesday [ ट्युईस्डे ] मङ्गल.
Wednesday [ वेडनसडे ] बुध.
Thursday [ थर्सडे ] गुरु.
Friday [ फ्रायडे ] शुक्र.
Saturday [ साटर्डे ] शनि.
Sunday [ संडे ] आदित.
Week [ वइक ] हफ्ता.

इति विद्याज्ञानप्रकाश समाप्त ।

पुस्तक मिलनेका ठिकाना–

खेमराज श्रीकृष्णदास,

"श्रीवेङ्कटेश्वर" छापाखाना––मुम्बई.